P.C. 139

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

**परियोजना समिति की 139 वीं बैठक का कार्यवाही विवरण**

परियोजना समिति की 139 वीं बैठक माननीय अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 15.04.2013 को प्रातः 11:00 बजे राजस्थान आवासन मण्डल के मण्डल कक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थेः—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री परसराम मोरदिया<br>अध्यक्ष,<br>राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. आर0 वेंकटेश्वरन<br>आवासन आयुक्त,<br>राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर | सदस्य |
| 3. | श्रीमती इन्द्रा चौधरी<br>अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक<br>नगर नियोजन विभाग<br>राजस्थान सरकार, जयपुर।<br>(प्रतिनिधि मुख्य नगर नियोजक)<br>राजस्थान, जयपुर। | सदस्य |
| 4. | श्री के.सी. मीना,<br>मुख्य अभियन्ता<br>राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर। | सदस्य |
| 5. | श्री आर.के. भट्ट<br>अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता—प्रथम<br>राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर। | सदस्य |
| 6. | श्री डी. के. माथुर<br>अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता—तृतीय<br>राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर। | सदस्य |
| 7. | श्री जी.एस. बाघेला<br>अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता—जोधपुर<br>राजस्थान आवासन मण्डल, जोधपुर। | सदस्य |

8. श्रीमती लवंग शर्मा, सदस्य–सचिव
अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।

9. श्री के. के. माथुर,
उप आवासन आयुक्त, –
वृत्त–बीकानेर
राजस्थान आवासन मण्डल, बीकानेर।

10. श्री विजय अग्रवार्ल,
आवासीय अभियन्ता, –
खण्ड–प्रथम, बीकानेर
राजस्थान आवासन मण्डल, बीकानेर।

समिति के सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही सभी उपस्थित सदस्यों व अन्य अधिकारियों का स्वागत करते हुये प्रारम्भ की गयी। समिति द्वारा बैठक के एजेण्डा पर चर्चा कर निम्नानुसार बिन्दुवार निर्णय लिये गयेः–

<u>एजेण्डा बिन्दु संख्या :– 01</u>

विषय :– परियोजना समिति की 138 वीं बैठक दिनांक 18.03.2013 को सम्पन्न हुई के कार्यवाही विवरण की पुष्टि के संबंध में।

परियोजना समिति की 138 वीं बैठक दिनांक 18.03.2013 को सम्पन्न हुई के कार्यवाही विवरण पुष्टि हेतु प्रस्तुतीकरण में है।

<u>निर्णय :–</u>

**परियोजना समिति की 138 वीं बैठक दिनांक 18.03.2013 के कार्यवाही विवरण अभी जारी नहीं हुई है अतः आगामी परियोजना समिति की बैंठक में पुष्टि हेतु प्रस्तुत किया जावें।**

**<u>एजेण्डा बिन्दु संख्या :– 02</u>**

विषय :– परियोजना समिति की 138 वीं बैठक दिनांक 18.03.2013 में लिये गये निर्णयों की क्रियान्विति रिपोर्ट।

परियोजना समिति की 138 वीं बैठक दिनांक 18.03.2013 में लिये गये निर्णयों की क्रियान्विति की कार्यवाही प्रगति पर है।

**<u>निर्णय :–</u>**

**परियोजना समिति की 138 वीं बैठक दिनांक 18.03.2013 की कार्यवाही विवरण अभी जारी नहीं हुआ है, अतः आगामी परियोजना समिति की बैंठक में निर्णयों की क्रियांविति प्रस्तुत की जावें।**

**एजेण्डा बिन्दु संख्या :— 03** DHC-II Jod / R.E.-I Jod / ACE-II Jod

विषय :— उद्यान अपार्टमेन्ट वेस्ट पाल रोड चौपासनी आवासीय योजना हेतु स्वीकृत मानचित्र में आशिंक संशोधन एवं भू—उपयोग परिवर्तन के संबंध में।

उप आवासन आयुक्त वृत—द्वितीय, जोधपुर ने परियोजना समिति की बैठक संख्या 116 दिनांक 04.02.2009 में स्वीकृत उद्यान अपार्टमेन्ट वेस्ट पाल रोड जोधपुर के मानचित्र में आवासीय अभियन्ता कार्यालय, पी.एच.ई., एवं सामुदायिक केन्द्र हेतु आरक्षित भूमि में आशिंक संशोधन कर मध्यम आय वर्ग "अ" के फ्लैटस् की प्लानिंग करने हेतु प्रस्ताव किया है।

प्रस्तावानुसार मध्यम आय वर्ग "अ" (जी+3) के कुल 32 फ्लेटो का ड्राफ्ट प्लान तैयार किया गया है।

चूकि प्लानिंग पी.यू. एवं सामुदायिक केन्द्र के लिए आरक्षित भूमि पर किया जाना प्रस्तावति है। इसलिए पी.यू. एवं सामुदायिक से आवासीय में भू—उपयोग परिवर्तन परियोजना समिति के अनुमोदन पश्चात् राज्य सरकार की स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक है।

प्रकरण परियोजना समिति के समक्ष विचारार्थ व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय :—

**उद्यान अपार्टमेन्ट वेस्ट पाल रोड चौपासनी आवासीय योजना की पी.एच.ई. एवं सामुदायिक केन्द्र हेतु आरक्षित भूमि में आंशिक संशोधन कर मध्यम आय वर्ग 'अ' (जी+3) के कुल 32 फ्लेटो की योजना स्वीकृत की गई।**

**यह प्रकरण भू—उपयोग परिवर्तन का नहीं है, केवल योजना स्तर पर परिवर्तन किया गया है। अतः राज्य सरकार की स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक नहीं है।**

**एजेण्डा बिन्दु संख्या :– 04** DHC-BKR / RE-I BKR / ACE-II Jod

विषय :– अवाप्तिधीन शिवबाडी आवासीय योजना, बीकानेर के मानचित्र में संशोधन बाबत्।

परियोजना समिति की विभिन्न बैठको में स्वीकृत शिवबाडी आवासीय योजना, बीकानेर के मानचित्र में खातेदारों की मांग पर सैक्टर–6 व 7, में संशोधन तथा सैक्टर–2 व 4 एवं केमल फार्म की तरफ कुल 9.74 हैक्टर प्राप्त अतिरिक्त भूमि पर प्लानिंग का प्रस्ताव आवासीय अभियन्ता, खण्ड–प्रथम, बीकानेर ने सचिव महोदय, रा.आ.म. के माध्यम से किया है।

प्रस्तावानुसार शिवबाडी आवासीय योजना बीकानेर का संशोधित मानचित्र तैयार किया गया है। जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) उच्च आय वर्ग – | सैक्टर–6 = | 1683 | | |
| | सैक्टर–7 = | 445 | | |
| | सैक्टर–2 = | 05 | = | 2143 |
| | सैक्टर–4 = | 10 | | |
| | कुल | 2143 | | |
| (2) मध्यम आय वर्ग (ब) – | सैक्टर–2 = | 49 | = | 106 |
| | सैक्टर–4 = | 57 | | |
| | कुल | 106 | | |

संशोधित मानचित्र परियोजना समिति के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय :–

**आवासीय योजना शिवबाडी बीकानेर के सैक्टर–2 4 6 व 7 की कुल 9.47 हैक्टेयर भूमि का संशोधित मानचित्र समिति द्वारा स्वीकृति किया गया। उक्त संशोधित मानचित्र में उच्च आय वर्ग कुल 2143 तथा मध्यम आय वर्ग 'ब' के कुल 106 भूखण्ड स्वीकृत किये गये।**

**<u>अन्य प्रकरण अध्यक्ष महोदय की अनुमति से</u>**

**<u>अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु संख्या :– 05</u>**

विषय :– ग्राम वाटिका आवासीय योजना तहसील सांगानेर जयपुर स्थित राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर की प्लानिंग बाबत्।

**<u>निर्णय :–</u>**

**समिति द्वारा योजना मानचित्र का अवलोकन किया गया। अवलोकन पश्चात् संशोधन हेतु कुछ सुझाव प्रस्तुत किये गये।**

**समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि संशोधित मानचित्र पत्रावली पर प्रस्तुत कर अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन पश्चात् जारी किया जावें।**

**<u>अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु संख्या :– 06</u>**

विषय :– ग्राम महला आवासीय योजना, तहसील मोजमाबाद, जयपुर स्थित राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर की प्लानिंग बाबत्।

**<u>निर्णय :–</u>**

**समिति द्वारा योजना मानचित्र का अवलोकन किया गया। अवलोकन पश्चात् संशोधन हेतु कुछ सुझाव प्रस्तुत किये गये।**

**समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि संशोधित मानचित्र पत्रावली पर प्रस्तुत कर अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन पश्चात् जारी किया जावें।**

<u>अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु संख्या :– 07</u>

विषय :–ग्राम बन्दापुर,फलसा, भूडली और हुसेपुर तहसील तिजारा अलवर की प्लानिंग के अनुमोदन बाबत्।

<u>निर्णय :–</u>

**समिति द्वारा योजना मानचित्र का अवलोकन किया गया। अवलोकन पश्चात् संशोधन हेतु कुछ सुझाव प्रस्तुत किये गये।**

**समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि संशोधित मानचित्र पत्रावली पर प्रस्तुत कर अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन पश्चात् जारी किया जावें।**

अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

25/4/13

**(लवंग शर्मा)**
अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक
सदस्य–सचिव